Shri Ram Singh Dhoni Rajkiya Mahavidyalay Jainti, Almora (Uttarakhand)

Affiliated to Soban Singh Jeena University, Almora (Uttarakhand)

Email- gdcjainti@gmail.com Website: www.gdcjainti.in Contact: 05962-275322

महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु आचारण संहिता

- विद्यार्थी उत्तराखण्ड शासन, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों, नीतियों ,अध्यादेश, का स्वेच्छा से पालन करेंगे।
- विद्यार्थी महाविद्यालय में शालीनता का व्यवहार करते हुए, किसी भी प्रकार के अभद्र व्यवहार, भाषा इत्यादि का प्रयोग नहीं करेगें।
- विद्यार्थी उत्तराखण्ड शासन के द्वारा लागू न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति का अनुपालन करेंगें।
- विद्यार्थी उत्तराखण्ड शासन के नियमों के अनुसार महाविद्यालय में लागू ड्रेस कोड का पूर्ण रूप से पालन करेगें।
- विद्यार्थी अध्ययन के अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी प्रतिभाग करेगें।
- विद्यार्थी महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए, महाविद्यालय प्रांगण की हरियाली को बनाये रखने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करते हुए उसकी सुरक्षा करेंगें।
- विद्यार्थी महाविद्यालय प्रांगण की सीमा में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो का उपयोग न करते हुए, किसी प्रकार के नशें से बचते हुए, एंट्री ड्रग्स सेल के नियमों का पालन करेंगें।
- विद्यार्थी महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की दलगत राजनीति से स्वयं को दूर रखेंगे और अपने कार्य एवं मांग हेतु किसी भी प्रकार का हिंसात्मक प्रदर्शन, आन्दोलन आदि का प्रयोग नहीं करेंगें।
- विद्यार्थी महाविद्यालय प्रांगण को रैगिंग मुक्त रखने का प्रयास करेंगे।
- विद्यार्थी महाविद्यालय में अपनी किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण हेतु प्राचार्य/प्राध्यापकगण/ग्रीवान्स सेल के समक्ष शान्तिपूर्ण ढ़ंग से आवेदन/ अपनी समस्या प्रस्तुत करेंगें।
- विद्यार्थी लैंगिक मुद्दों और सामाजिक आवश्यकताओं और विकास के प्रति संवेदनशील होंगे।
- विद्यार्थी महाविद्यालय में अनुशासित रहते हुए, महाविद्यालय के वातारण को अनुकूल बनाने के लिए शिक्षकों की सहायता करेगें।
- विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक–आर्थिक स्थिति, समुदाय, जाति, धर्म आदि क्षेत्रों से संबधित सभी विद्यार्थियों के बीच सामजस्य बनाए रखेंगे।
- विद्यार्थी महाविद्यालय प्रांगण में सभी शिक्षकों, कर्मचारी और अपने से छोटे सभी विद्यार्थियों के साथ शिष्टाचार का व्यवहार करेगें।
- विद्यार्थी महाविद्यालय प्रांगण में सिंगल यूज प्लास्टिक (बोतल, बैग इत्यादि) का प्रयोग न करते हुए, महाविद्यालय प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त रखेंगे।

Principal
Shri Ram Singh Dhoni Rajkiya Mahavidyalay
Jainti, Almora

Principal
Shri Ram Singh Dhoni
Rajkiya Mahavidyalay
Jainti, Almora (Uttarakhand)